हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 97 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

"वह इंसान सब कुछ हासिल कर लेता है, जो इंतजार करने के बजाय कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहता है।"

# झंडू कुमार ने वेटलिफ्टिंग में एशिया-ओसियाना ओपन में जीता ब्रॉन्ज मेडल, 191 किलोग्राम वजन उठाकर जीत हासिल की उपलब्धि

**केशववाणी राकेश की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित एशिया–ओशनिया ओपन 2026 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार के लाल झंडू कुमार ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए देश के लिए कांस्य पदक जीता है। झंडू कुमार ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और कुल 191 किलोग्राम वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। झंडू कुमार की इस उपलब्धि ने न केवल भारत का मान बढ़ाया है, बल्कि बिहार के खेल जगत को अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दी है। 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाली इस बड़ी प्रतियोगिता में भारत की ओर से कुल 29 सदस्यीय दल भाग ले रहा है। प्रतियोगिता की सबसे खास बात ये रही कि झंडू कुमार को भारतीय दल के ध्वजवाहक के रूप में चुना गया। तिरंगा थामे भारतीय दल का नेतृत्व करना नालंदा और पूरे बिहार के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण रहा। झंडू कुमार की इस ऐतिहासिक जीत और देश का प्रतिनिधित्व करने की खबर मिलते ही उनके पैतृक क्षेत्र हरनौत सहित पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने इसे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। झंडू कुमार की सफलता पर खुशी जताते हुए नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिंह और सचिव कुंदन कुमार पांडे ने कहा कि ये उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



उनके साथ ही रवि कुमार, प्रमोद कुमार, ज्ञानेश कुमार, रस बिहारी पांडे, पप्पू कुमार, चंदा कुमारी और संजू कुमारी सहित जिले के तमाम खेल प्रेमियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनां दी हैं। वहीं, बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. शिवाजी कुमार और सचिव संदीप कुमार ने भी झंडू कुमार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी है। एसोसिएशन के संतोष कुमार सिंह, लक्ष्मी कुमार सहाय सहित स्टेट और जिला लेवल कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि झंडू कुमार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा फहराकर युवाओं के लिए प्रेरणा पेश की है। सभी ने एक स्वर में उम्मीद जताई कि आने वाले समय में वे स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम और भी रोशन करेंगे।

# 16वीं सब जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चौम्पियनशिप 2026

## क्वार्टर फाइनल में रोमांचक मुकाबले, चार टीमों ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

### दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी ने क्वार्टर फाइनल 1 में हॉकी चंडीगढ़ को 2–1 से हराया

**केशववाणी रानी सिन्हा / शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग (पटना) से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 1 से 12 अप्रैल तक राजगीर खेल अकादमी में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौम्पियनशिप 2026 के 8वें दिन डिवीजन 'ए' के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दिन दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी, हॉकी पंजाब, उत्तर प्रदेश हॉकी और हॉकी मध्य प्रदेश ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



**पहला क्वार्टर फाइनल**

दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी ने हॉकी चंडीगढ़ को 2–1 से हराया। विजेता टीम के कप्तान धीरज पाल ने 27वें और 42वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि चंडीगढ़ के लिए जसमीत सिंह ने 59वें मिनट में एकमात्र गोल किया।

**दूसरा क्वार्टर फाइनल**

हॉकी पंजाब ने हॉकी झारखंड के खिलाफ हाई–स्कोरिंग मुकाबले में 5–3 से जीत दर्ज की। पंजाब की ओर से राजवीर सिंह (29′, 56′) ने दो गोल किए, जबकि आकाश दीप (11′), सहबाजप्रीत सिंह (32′) और सनमुख सिंह (39′) ने एक–एक गोल किया। झारखंड के आशीष तानी पूर्ति ने 15′, 19′ और 56′ मिनट में शानदार हैट्रिक बनाई।

**तीसरा क्वार्टर फाइनल**

उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 6–3 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए नीतीश यादव (49′, 51′) ने दो गोल किए, जबकि करण धनुक (33′), प्रहलाद राजभर (39′), कप्तान केतन कुशवाहा (42′) और रोमित पाल (52′) ने भी गोल किए। ओडिशा की ओर से दीपक प्रकाश टोप्पो ने 34′, 45′ और 57′ मिनट में हैट्रिक बनाई।

**चौथा क्वार्टर फाइनल**

हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी हरियाणा के बीच मुकाबला निर्धारित समय में 0–0 से बराबरी पर रहा। इसके बाद हुए शूटआउट में हॉकी मध्य प्रदेश ने 4–3 से जीत हासिल की। मध्य प्रदेश के लिए करण गौतम, गाज़ी खान, सिद्धार्थ बेन और रोनिन निंगोमबम सिंह ने गोल किए। गोलकीपर आयुष रजक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो महत्वपूर्ण बचाव किए। हरियाणा के लिए आशीष, सचिन और विश्वजीत ने शूटआउट में गोल दागे। इन जीतों के साथ चारों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।





# नालंदा में पोषण पखवाड़ा 2026 की शुरुआत 23 अप्रैल तक चलेंगे विशेष कार्यक्रम

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पोषण पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार यह पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों के समन्वय से निध. ारित गतिविधि कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और उनकी जानकारी जन आंदोलन डैशबोर्ड पर दर्ज की जाएगी। इस वर्ष पखवाड़ा की थीम "बचपन के 6 साल, पोषण पढ़ाई के लिए बेमिसाल" रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कुपोषण उन्मूलन एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, पंचायत प्रतिनिधियों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 2 वर्ष के बच्चों के पहले 1000 दिनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, स्तनपान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।पोषण पखवाड़ा के दौरान जिलेभर में जागरूकता रैली, प्रभात फेरी, ग्राम सभा, गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम, एनीमिया जांच शिविर, बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन, पोषण परामर्श सत्र, प्रदर्शनी एवं व्यंजन प्रतियोगिता, स्कूलों में चित्रकला, निबंध और क्विज प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही सेविका–सहायिका एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर–घर जाकर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा पोस्टर, बैनर, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक पोषण संबंधी जानकारी पहुंच सके। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय के साथ इन कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि "सही पोषण, स्वस्थ जीवन की आधारशिला है" और इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, आईसीडीएस कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका–सहायिका, जीविका दीदी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने का निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर आम लोगों के बीच फैल रही आशंकाओं को दूर करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सि. लिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उन्होंने बताया कि जिले में संचालित तीनों कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 9436 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय प्रावधानों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद ही रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले का बैकलॉग 4.3 है, जिसे कम कर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है, ताकि उपभ. ोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। इधर, जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा को भी तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में कई वा. र्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड तथा राजगीर के 17 वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन पूरी तरह बिछा दी गई है और प्राप्त आवेदनों के आधार पर उप. भोक्ताओं को कनेक्शन दिया जा रहा है।अब तक कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1508 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, जबकि 164 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करते हुए उपभ. ोक्ताओं को जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार मानव बल एवं ठेकेदारों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पा. इपलाइन उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ता अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लें, ताकि उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, जिला पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगी, आठ दिनों तक बुजुर्ग को बनाया बंधक, 6.20 लाख की ठगी




**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए बेहद सुनियोजित तरीके से बड़ी ठगी की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे फर्जी और भयावह हथकंडे का इस्तेमाल कर 61 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मी कृष्ण कुमार को मानसिक रूप से बंधक बनाए रखा और उनसे 6.20 लाख रुपये ठग लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत 31 मार्च की दोपहर को हुई, जब कृष्ण कुमार के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक उच्चस्तरीय जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हुए उन्हें गंभीर आरोपों में फंसाने की धमकी दी। ठगों ने उन पर पुलवामा में पर्यटकों की हत्या जैसे संगीन आतंकी मामले में संलिप्त होने का झूठा आरोप लगाया, जिससे पीड़ित भयभीत हो गए। अपराधियों ने उन्हें यह भी विश्वास दिलाया कि केंद्रीय जांच एजेंसी उनके बैंक खातों की जांच कर रही है और खुद को निर्दोष साबित करने के लिए उन्हें अपने खाते में मौजूद राशि को 'सत्यापन' के नाम पर एक कथित सरकारी खाते में स्थानांतरित करना होगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ठगों ने 31 मार्च से 8 अप्रैल तक लगातार वीडियो कॉल के जरिए पीड़ित को अपनी निगरानी में रखा। इस दौरान उन्हें फोन काटने या किसी भी परिजन अथवा परिचित से संपर्क करने पर जेल भेजने की धमकी दी जाती रही। अपराधी कभी खुद को सीबीआई अधिकारी तो कभी सुप्रीम कोर्ट का प्रतिनिधि बताकर उन्हें मानसिक रूप से दबाव में रखते रहे। लगातार मिल रही धमकियों और डर के माहौल में आकर कृष्ण कुमार ने दो अलग–अलग किस्तों में कुल 6 लाख 20 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ठगों द्वारा बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। हालांकि, जब ठगों की मांग लगातार बढ़ती गई, तब पीड़ित को संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने साहस दिखाते हुए साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा संबंधित मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञों ने इस तरह की घटनाओं को लेकर आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई प्रावधान नहीं है। यदि किसी को इस प्रकार की धमकी भरी कॉल आती है, तो उसे तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, विशेषकर खुद को सरकारी अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों पर बिना पुष्टि किए विश्वास न करें और अपनी बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें।



# नालंदा में किराए के विवाद पर बस में तांडव, चालक परिचालक पर जानलेवा हमला–कलेक्शन लूटा, वीडियो वायरल

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में महज किराए के विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा बस में घुसकर मारपीट और लूटपाट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। जय बाबा गोविंद बस सर्विस की एक बस पर बुधवार की शाम कुछ युवकों ने हमला कर चालक और परिचालक को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बदमाशों की बर्बरता साफ देखी जा सकती है। जानकारी के अनुसार, बस बिहारशरीफ के रामचंद्रपुर बस स्टैंड से सरमेरा के लिए चलती है। बुधवार को बस अपनी अंतिम ट्रिप पर थी। इसी दौरान भागन बीघा ओपी क्षेत्र के मोड़ा पिचासा मोड़ के पास एक युवक ने बस रुकवाई। उसे अस्थवां थाना क्षेत्र के मालती मुस्तफापुर जाना था। कंडक्टर ने उससे 20 रुपये किराया मांगा, जबकि वास्तविक किराया 30 रुपये था। युवक मात्र 10 रुपये देने पर अड़ गया, जिस पर विवाद हो गया और कंडक्टर ने उसे बस में चढ़ने से मना कर दिया। इससे नाराज युवक ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। बस जैसे ही आगे बढ़कर मालती मुस्तफापुर पहुंची, पहले से घात लगाए हथियार और लाठी–डंडों से लैस बदमाशों ने बस को घेर लिया। बदमाश बस में घुसते ही कंडक्टर पर टूट पड़े और उसे घसीटते हुए बाहर निक. ालकर बेरहमी से पीटा। चालक द्वारा बीच–बचाव करने पर उसे भी बुरी तरह घायल कर दिया गया। हमले के दौरान बदमाशों ने दिनभर का करीब 20 से 25 हजार रुपये का कलेक्शन लूट लिया। साथ ही चालक के गले से बजरंगबली का लॉकेट और कंडक्टर की सोने की चेन भी छीन ली। घटना के वक्त बस में सवार यात्री दहशत में आ गए और खुद को बचाने के लिए सीटों के पीछे छिपते नजर आए। पूरी वारदात बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इधर, इस मामले में जब अस्थवां थाना अध्यक्ष से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें फिलहाल घटना की जानकारी नहीं है। पुलिस की इस अनभिज्ञता से स्थानीय परिवहन कर्मियों और बस संचालकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# जाम मुक्त अभियान- बिहारशरीफ में निगम का बुलडोजर चला, अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शहर को जाम मुक्त और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बिहारशरीफ नगर निगम ने गुरुवार को व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में निगम की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जों को हटाया। अभियान की शुरुआत बड़ी दरगाह क्षेत्र से की गई, जो नदी मोड़ होते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा मोड़ तक जारी रहा। अचानक हुई इस कार. 'वाई से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई स्थानों पर अफरा–तफरी का माहौल देखने को मिला। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे बने अवैध स्थायी और अस्थायी ढांचों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इसके साथ ही सड़कों पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले और दुकानों को भी हटाया गया। निगम कर्मियों ने मौके से हटाए गए सामान और मलबे को ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में लादकर जब्त कर लिया और निगम कार्यालय भेज दिया। उप नगर आयुक्त शम्स रजा ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पूर्व संबंधित क्षेत्रों में माइकिंग कर लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जाती है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते हैं।



अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से लगभग 4 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को व्यवस्थित और जाम मुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।






# राज आर्यन करेंगे पीएम से वर्चुअल संवाद,राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएंगे युवाओं की आवाज़



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट गुठनी/सीवान ।** सीवान जिले के गुठनी प्रखंड के राज आर्यन ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनका चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम माय भारत बजट प्रश्न 2026 के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें देशभर के युवाओं को अपनी विचारधारा और दृष्टिकोण रखने का अवसर मिलता है।यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित 'मेरा युवा भारत' पहल का हिस्सा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अंतिम चरण तक पहुंचने के बाद अब राज आर्यन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा राज आर्यन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाले राष्ट्रीय स्तर के वर्चुअल संवाद के फाइनल राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह प्रतिष्ठित फाइनल राउंड 12 एवं 13 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। बता दें कि देशभर के 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से राज आर्यन का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, गहरी समझ, तीक्ष्ण विश्लेषण क्षमता और प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरणों में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के आधार पर किया गया है। अब वे उन चुनिंदा फाइनलिस्टों के समूह में शामिल हो गए हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। फाइनलिस्ट के रूप में राज आर्यन को एक उच्च स्तरीय संवाद में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां वे अपने विचार, सुझाव और दृष्टिकोण देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। गुठनी निवासी सुनील ठाकुर के छोटे पुत्र तथा शिक्षक व पत्रकार विक्रांत ठाकुर के भतीजे राज आर्यन पहले से ही सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे "द बेटर सोसाइटी फाउंडेशन" के संस्थापक एवं अध्यक्ष हैं और शिक्षा,पर्यावरण,महिला सशक्तिकरण तथा युवा विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि पर उन्होंने अपने परिवार,शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी नहीं, बल्कि उन सभी युवाओं की है जो देश में सकारात्मक बदलाव लाने का सपना देखते हैं। राज आर्यन की इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है और अब सभी की निगाहें फाइनल राउंड पर टिकी हैं, जहां वे राष्ट्रीय मंच पर अपने विचारों से नई पहचान बनाने को तैयार हैं।



# नालंदा में जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष, मारपीट का वीडियो वायरल

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट परवलपुर (नालंदा)।** जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मर्दन बिगहा के समीप गुरुवार को जमीन विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए इस विवाद में जमकर लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना में नगर पंचायत गौरवानगर की वार्ड पार्षद निभा कुमारी के पति चितरंजन प्रसाद सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि सत्ताधारी दल से जुड़े एक नेता ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर खेत में गेहूं की कटनी कर रहे लोगों पर हमला किया। इस हमले में चितरंजन प्रसाद का दाहिना हाथ टूट गया। घायल चितरंजन प्रसाद ने बताया कि वह अपने भाइयों के साथ खेत में गेहूं की कटनी करा रहे थे। इसी दौरान जेडीयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय चंद्रवंशी अपने भाई और अन्य सहयोगियों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग हथियारबंद थे और आते ही गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया और दोबारा खेत में आने पर गोली मारने की धमकी दी। इस मारपीट में सुजीत कुमार, पप्पू प्रसाद और सन्नी कुमार भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को परवलपुर स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया।



जहां से चितरंजन प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल पार्षद प्रतिनिधि ने जेडीयू नेता पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें भू–माफिया करार दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी आपसी विवाद का लाभ उठाकर जबरन जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। परवलपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है और दोनों की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भट्ठा मालिक की पिटाई से मजदूर की मौत, 'जीरो FIR' दर्ज–परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट हिलसा (नालंदा)।** अरवल जिले में ईंट भट्ठा पर हुई बेरहमी से मारपीट के बाद एक मजदूर की मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोमिंदपुर गांव निवासी 45 वर्षीय राजेश मांझी ने देर रात अपने घर पर दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पा. स्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, राजेश मांझी अरवल जिले के एक ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। बीते 16 मार्च को किसी मामूली विवाद को लेकर भट्ठा मालिक और वहां कार्यरत मुंशियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इस दौरान उसे गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गया। हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए पटना ले जाया गया, जहां कुछ दिनों तक उपचार चला। बाद में परिजन उसे वापस गांव ले आए, जहां उसकी मौत हो गई।

**मौत से पहले बताया दर्द**

मृतक ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में मारपीट की पूरी घटना का जिक्र किया था। उसने बताया कि नशे की हालत में 'चिमनी उड़ा देने' जैसी बात कहने पर भट्ठा मालिक नाराज हो गया था। इसके बाद मालिक और मुंशी धर्मेंद्र, मुन्ना तथा शंकर ने उसे बाजार में घेरकर लाठी–डंडों और घूंसों से बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया। मृतक के पुत्र सूरज कुमार ने भट्ठा मालिक और उसके सहयोगियों पर हत्या का आरोप लगाया है।



उनका कहना है कि लंबे इलाज के बावजूद उनके पिता की हालत में सुधार नहीं हुआ और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

**पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना अरवल जिले में हुई थी, जबकि मौत नालंदा में हुई है। ऐसे में परिजनों के आवेदन के आधार पर 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जा रही है, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए अरवल जिले के संबंधित थाने को भेजा जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कल्याण बीघा मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान हुई मौत, परिजनों में छाया मातम

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** इन दिनों नालंदा समेत हरनौत में तेज रफ्तार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यही कारण है कि इन दिनों लगातार सड़क दुर्घटना का ग्राफ धीरे–धीरे बढ़ता ही चला जा रहा है। ताजा मामला हरनौत थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार अंतर्गत कल्याण बीघा मोड़ का हैं। जहां नेशनल हाईवे 20 सर्विस लेन पर बुधवार की शाम लगभग 7रू30 बजे अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के हासनचक गांव के निवासी रघुनंदन चौधरी के 36 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में हासनचक गांव के ग्रामीण विक्की कुमार ने बताया कि मृतक मुकेश कुमार काम करके बाइक से वह घर लौट रहे थे। जैसे ही कल्याण बीघा मोड़ के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने रौंदते हुए मौके से फरार हो गया।



स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए उन्हें कल्याण बीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। वही मौत के बाद मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। वही हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करने में पुलिस जुट गई है

# किसान के बेटे ने रचा इतिहास- नालंदा के अभिषेक कुमार बने कस्टम ऑफिसर

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट बेन (नालंदा)।** अपनी मेधा और कड़े परिश्रम के दम पर नालंदा जिले के बेन प्रखंड स्थित कृपागंज गांव के एक साधारण किसान परिवार के बेटे ने सफलता की नई मिसाल कायम की है। किसान संतोष सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार का चयन कस्टम ऑफिसर के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है, जिससे पूरे जिले में गर्व और खुशी का माहौल है। अभिषेक कुमार की सफलता उनकी लगातार मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इससे पहले उनका चयन भारत सरकार के श्रम विभाग में इंवे. स्टिगेटर पद पर हुआ था, जहां उन्होंने देशभर में उपलब्ध मात्र चार रिक्तियों में से एक पर जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। उनकी शैक्षणिक यात्रा भी बेहद प्रेरणादायक रही है। अभिषेक ने मैट्रिक की पढ़ाई औरंगाबाद से पूरी की, जबकि इंटरमीडिएट और स्नातक की शिक्षा गया से प्राप्त की। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने वाणिज्य (कॉमर्स) में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के साथ–साथ अर्थशास्त्र में भी दूसरी मास्टर डिग्री की पढ़ाई जारी रखी है।अभिषेक ने कॉमर्स विषय में पढ़ाई के दौरान ही 'नेट' परीक्षा उत्तीर्ण की और वर्तमान में अर्थशास्त्र की पढ़ाई के साथ 'जेआरएफ' (जेआरएफ) भी हैं। छात्र जीवन से ही वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहे हैं। 10वीं कक्षा में उन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रतियोगिता में सम्मानित भी किया जा चुका है। सरकारी सेवा में आने से पहले अभिषेक ने आयकर विभाग, गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में कार्य करते हुए अनुभव भी प्राप्त किया है। अभिषेक अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और अपने दिवंगत नाना बिंदेश्वरी सिंह के आशीर्वाद को देते हैं। बेटे के कस्टम ऑफिसर बनने की खबर मिलते ही कृपागंज गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। माता ललिता देवी समेत पूरे परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है। ग्रामीणों का कहना है कि अभिषेक ने यह साबित कर दिया है कि अगर संकल्प मजबूत हो, तो एक किसान का बेटा भी सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है।

# अधिक बच्चे होने के कारण हरनौत नपं के वार्ड पार्षद अयोग्य घोषित

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नगर पंचायत के वार्ड–19 के वार्ड पार्षद सह जिला परिषद सदस्य के पति अशोक कुमार को अधिक बच्चे होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटाने का आदेश दिया है। साथ ही, गलत हलफनामा दाखिल करने के मामले में उनपर मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया गया है।उनके खिलाफ पंकज कुमार ने आयोग में शिकायत दर्ज करायी थी। लंबी सुनवाई के बाद सोमवार को यह आदेश जारी किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि वार्ड पार्षद की कुल पांच संतानें हैं। इनमें से दो का जन्म वर्ष 2008 के बाद हुआ है। बिहार नगरपालिका अधिनियम–2007 के अनुसार 4 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतान रहने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य माना गया है। फिर भी उन्होंने तथ्यों को छुपाकर चुनाव लड़ा। इस मामले में शिकायतकर्ता ने एक पुत्र और एक पुत्री के जन्म वर्ष 2008 के बाद होने के पुख्ता सबूत पेश किये थे। जाति आधारित सर्वेक्षण के फार्म में भी उन्होंने पांच संतानों और उनकी आयु का जिक्र किया है। आयोग ने आदेश में कहा है कि गलत शपथ पत्र देकर आयोग को गुमराह किया गया। इस मामले में डीएम को उनके खिलाफ धोखाधड़ी और गलत हलफनामा देने के लिए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस आदेश के साथ ही वार्ड–19 के पार्षद का पद अब रिक्त हो गया है। आयोग ने निर्देश दिया है कि अब इस सीट पर नियम के अनुसार फिर से चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए

# प्रस्तावित जनगणना 2027 को लेकर हरनौत प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में किया गया बैठक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड स्थित सभागार भवन में बीडीओ सह चार्ज पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार की अध्यक्षता में प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर विभिन्न कोषांगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ डॉ कुमार ने जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से चलाने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि जनगणना कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके। विशेष रूप से कंट्रोल रूम कोषांग पर जोर देते हुए कहा कि यदि नियंत्रण कक्ष सुचारू रूप से कार्य करेगा, तो अन्य सभी कोषांगों का संचालन भी आसानी से हो सकेगा।वहीं शिक्षक मनीष कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए सभी स्तर पर तैयारी की जा रही है तथा प्रशिक्षण एवं समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले नौ अप्रैल से प्रगणक और सुपरवाइजर को ट्रेनिंग दी जानी थी।मगर अब वरीय पदाधिक. ारी के निर्देशानुसार 16 अप्रैल से दी जाएगी।बैठक में जिलाधिकारी पूजा कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रिज किशोर चरण, आवास पर्यवेक्षक रवि कर रवि कुमार, श्रम पि. रवर्तन पदाधिकारी चांदनी रस्तोगी एवं विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे



# हरनौत के कल्याण बीघा एवं चेरो ओपी थाना अध्यक्ष का हुआ तबादला

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने के उद्देश्य से एक प्रशासनिक फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की ओर से जारी ताजा आदेश के अनुसार, जिले के दस पुलिस पदाधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण और नया पदस्थापन किया गया है। इस आदेश के तहत कई थानों की कमान अनुभवी अधिकारियों के हाथों में सौंपी गई है।तबादले सूची के अनुसार, प्रशासनिक दृष्टिकोण और अवधि पूरा होने के आधार पर किए गए इस फेरबदल में कल्याण बीघा थाना अध्यक्ष राज कुमार चौधरी को भागन बिगहा का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि उनके स्थान पर पूर्व में लहेरी थाने में तैनात निशा भारती को कल्याणबिगहा थाने की कमान सौंपी गई है। इसी क्रम में बिहार थाने के अपर थानाध्यक्ष रौशन कुमार को अब चेरो थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। चेरो थाने के पूर्व थानाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय को अब पुलिस कार्यालय नालंदा के


भागन बीघा नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष राज कुमार चौधरी

डीसीबी शाखा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बता दे कि थानाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए कड़े नियम भी दोहराए हैं। स्पष्ट किया गया है कि किसी भी ऐसे पदाधिकारी को थाने की कमान नहीं दी जाएगी जो किसी न्यायालय की ओर से दोषी पाए गए हों, किसी कांड में अभियुक्त हों, या जिन्हें नैतिक कदाचार के मामले में विभागीय कार्रवाई में दोषी ठहराया गया हो। भ्रष्टाचार, महिलाओं से दुर्व्यवहार या हिरासत में हिंसा के मामलों में संलिप्त अधिकारियों के लिए थानाध्यक्ष बनने के सभी रास्ते बंद रहेंगे। विशेष रूप से शराबबंदी कानून के पालन को सख्त रुख अपनाते हुए आदेश में कहा गया है कि यदि किसी थाना अध्यक्ष की संलिप्त शराब के निर्माण बिक्री या उपयोग में पाई जाती है तो उन्हें अगले 10 साल तक थाना अध्यक्ष के पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। नालंदा एसपी भारत सोनी ने बताया कि सभी थाना अध्यक्षों को अभिलंब अपने नई पदस्थापना स्थल पर कारभार संभालने का आदेश दिया है।



# कतरीसराय में फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी 2026 के तहत छात्रों का शैक्षणिक मूल्यांकन

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय(नालंदा)।** सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र 'पारख' एवं एनसीई. आरटी द्वारा संचालित फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (थ्रै) 2026 के तहत नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों का चयन कर छात्रों एवं शिक्षकों का एफएलआई आधारित सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय बरान्दी में वर्ग चार के छात्रों का एफएलआई आधारित सर्वेक्षण संपन्न किया गया। यह सर्वे डायट नालंदा के डीएलएड प्रशिक्षु राम विकास कुमार द्वारा किया गया।सर्वेक्षण के दौरान छात्रों के अक्षर ज्ञान, अंक ज्ञान के साथ–साथ उनके समग्र शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया गया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के कार्यों का भी आकलन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार, रामप्रवेश कुमार यादव, संजू कुमारी, किरण कुमारी सहित अन्य सहयोगी कर्म. चारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सर्वेक्षण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के बुनियादी शिक्षण स्तर की वास्तविक स्थिति का आकलन कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में ठोस पहल की गई है।

# इस्लामपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में सब्जी–फल विक्रेताओं की हड़ताल, जनजीवन प्रभावित

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर में सब्जी एवं फल विक्रेताओं का गुस्सा एक बार फिर सड़क पर देखने को मिला है। नगर परिषद द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में सैकड़ों फुटपाथी दुकानदारों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल का असर अब आम जनजीवन पर साफ दिखाई देने लगा है। हड़ताल के कारण शहर के बाजारों में सब्जियों की कमी हो गई है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खरीदने के लिए भटकना पड़ रहा है। कई स्थानों पर ठेले और फुटपाथ खाली नजर आ रहे हैं, जिससे बाजार की रौनक भी फीकी पड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाल ही में नगर परिषद ने शहर के मुख्य बाजारों, चौक–चौराहों और सड़कों के किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया था। इस दौरान वर्षों से दुकान लगाकर जीविका चला रहे दर्जनों सब्जी विक्रेताओं को वहां से हटा दिया गया। विक्रेताओं का आरोप है कि यह कार्रवाई बिना किसी पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के की गई, जिससे उनके सामने रोजी–रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल पर बैठे विक्रेताओं का कहना है कि वे कई वर्षों से एक ही स्थान पर दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रहे थे, लेकिन अचानक हटाए जाने से उनकी आय पूरी तरह बंद हो गई है। एक विक्रेता ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, "हम लोग गरीब हैं, रोज कमाते हैं तभी घर चलता है। बिना जगह दिए दुकान हटाना हमारे साथ अन्याय है।" विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन केवल छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई कर रहा है,



जबकि बड़े और स्थायी अतिक्रमणों को नजरअंदाज किया जा रहा है। हड़ताल कर रहे दुकानदारों की मुख्य मांग है कि नगर परिषद इस्लामपुर में एक स्थायी सब्जी मंडी या वेंडिंग जोन का निर्माण करे, ताकि वे निर्धारित स्थान पर नियमों के तहत अपना व्यवसाय चला सकें। इस हड़ताल का असर बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है। सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित होने से कई जगहों पर कीमतों में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गृहिणियों और आम नागरिकों को सब्जी खरीदने के लिए दूर–दूर तक जाना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में नगर परिषद की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाना जरूरी है, लेकिन इसके साथ गरीब दुकानदारों के पुनर्वास की व्यवस्था भी होनी चाहिए थी। हालांकि, अब तक प्रशासन की ओर से इस मुद्दे पर कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विक्रेताओं और आम जनता की नजरें अब नगर परिषद के अगले कदम पर टिकी हैं। यदि जल्द कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो यह हड़ताल लंबी खिंच सकती है और शहर की व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ सकता है। इस्लामपुर में सब्जी विक्रेताओं की यह हड़ताल अब केवल अतिक्रमण हटाने का विरोध नहीं, बल्कि रोजगार, पुनर्वास और शहरी गरीबों के अधिकारों से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा बनती जा रही है।

# महिलाओं को गर्भवती करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट अस्थावां (नालंदा)।** थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उगावां गांव स्थित एक खंडहरनुमा मकान में छापेमारी कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उगावां निवासी घनश्याम कुमार पासवान, विशाल मालाकार, वन कुमार और गोपी कुमार उर्फ कल्लू हलवाई के रूप में की गई है। पुलिस ने मौके से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि यह गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी फर्जी पोस्ट डालकर यह दावा करते थे कि महिलाओं को गर्भवती करने पर मोटी रकम दी जाएगी। इस झांसे में आने वाले लोगों से विभिन्न प्रक्रियाओं के नाम पर पैसे वसूले जाते थे। उन्होंने बताया कि गिरोह न केवल पुरुषों को, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाता था जिन्हें संतान नहीं हो रही थी। आरोपित महिलाओं को दवा के जरिए गभ. ावती बनाने का झांसा देकर उनसे भी ठगी करते थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली बिल एवं शिकायतों के निवारण के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट (नालंदा)।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) द्वारा विशेष पहल की गई है। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, विद्युत विपत्र (बिजली बिल) एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक आयोजित होगा। उपभोक्ता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। बताया गया है कि यह विशेष शिविर केवल अप्रैल 2026 माह के दौरान ही आयोजित किया जाएगा, इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी लंबित शिकायतों का निपटारा कराएं। बिजली विभाग का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से उपभ. ोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है।

# नालंदा में 'ज्ञान भारतम् मिशन' को लेकर बैठक, पांडुलिपियों के संरक्षण व डिजिटाइजेशन पर जोर

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** समाहरणालय परिसर में गुरुवार को जिला पदा. धिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी अमूल्य धरोहर है, जो कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र एवं कपड़े जैसे माध्यमों पर हस्तलिखित पांडुलिपियों के रूप में सुरक्षित है। इन पांडुलिपियों का संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कर उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के प्रभावी संचालन के लिए जिला स्तर पर एक कमिटी का गठन किया गया है। साथ ही समन्वय एवं अधिक जानकारी के लिए daconalanda@gmail-com ईमेल आईडी भी जारी की गई है। जिला पदाधिकारी ने जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025–26 में "ज्ञान भारतम् मिशन" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत देशभर में उपलब्ध पांडुलिपियों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण, डिजिटाइजेशन और अभिलेखीकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य इस ज्ञान को शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाना है।





उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सरकारी एवं गैर–सरकारी सं. स्थानों, मठ–मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान, सूचीकरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पांडुलिपियों को "ज्ञान भारतम् पोर्टल" पर अपलोड किया जाएगा, जिससे यह धरोहर वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके। यह पहल "विकसित भारत /2047" के लक्ष्य के अनुरूप डिजिटल इंडिया की अवधारणा को भी मजबूत करेगी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति ज्ञान भारतम् ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपनी पांडुलिपि स्वयं अपलोड कर सकता है, जिससे यह अमूल्य धरोहर सुरक्षित होने के साथ–साथ आम लोगों के लिए भी सुलभ हो सकेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदा. धिकारी उपस्थित रहे।

# नालंदा में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्य, 70% ही हुआ पूर्ण

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के लिए जीवन प्रमाणीकरण को लेकर प्रशासन ने अहम सूचना जारी की है। मृत पेंशनधारियों की पहचान कर ई–लाभार्थी पोर्टल के डाटाबेस को अपडेट करने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 22 दिसंबर 2025 से संचालित की जा रही है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक केवल 70 प्रतिशत पेंशनधारियों का ही जीवन प्रमाणीकरण हो सका है। शत–प्रतिशत प्रमाणीकरण नहीं होने के कारण कई पेंशनधारियों का भुगतान बाधित हो रहा है। बताया गया है कि जीवन प्रमाणीकरण का कार्य जिले के प्रत्येक पंचायत स्थित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं प्रखंड स्तर पर लगातार किया जा रहा है। इसके बावजूद अब भी कई लाभुक इस प्रक्रिया से वंचित हैं।प्रशासन ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी सीएससी केंद्र या प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जीवन प्रमाणीकरण कराएं, ताकि उनकी पेंशन राशि का भुगतान नियमित रूप से जारी रह सके।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

हरि ॐ बाबा ॐ मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें

मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडीस, छुतहया भी झाड़ा जाता है !
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)